2/2/23

(70)

## दिनांक 17.02.2023 को जिलाधिकारी महोदय अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक माह जनवरी, 2023 का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक माह जनवरी ,2023 जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 17.02.2023 को अपरान्ह 4:30 बजे से भारत रत्न डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसके कार्यवृत्त का अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–22.02.2023 को किया गया। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें:–

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), हमीरपुर।
2. श्री विकास, जिला विकास अधिकारी, हमीरपुर।
3. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
4. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
5. श्री पवन कुमार प्रजापति, डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0, हमीरपुर।
6. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर।
7. श्री रामा कृषन शुक्ल, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी एसोसिएट्स (पी0एम0सी0), हमीरपुर।
8. श्री सुनील भारद्वाज, जनरल मैनेजर, एस0पी0एम0एल0–जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी), हमीरपुर।
9. श्री संगम नाथ पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, एस0पी0एम0एल0–जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी), हमीरपुर।
10. श्री मनोज कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी), हमीरपुर।



### पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुल 148 राजस्व ग्राम लाभान्वित हैं, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना का घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**इन्टेक वेल**:–एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम पत्यौरा डांडा के पास इन्टेकवेल (45 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इन्टेकवेल का लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में वॉल कास्टिंग का कार्य प्रगति पर है, एप्रोज ब्रिम के 4 स्लैब स्पैन में 2 स्पैन के कास्टिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा पम्प लेबल तक 4 लिफट का कास्टिंग कार्य करना शेष है, कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अभी तक इन्टेकवेल की कुल प्रगति 40 प्रतिशत है, यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। इन्टेकवेल पर पर्याप्त मानवश्रम लगाकर तथा लक्ष्य निर्धारित कर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए यथाशीघ्र पूर्ण करायें।



Scanned with OKEN Scanner

**डब्लू0टी0पी0:**–जे0डब्लू0आई0एल0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू.टी.पी. (45 एम0एल0डी0) पत्यौरा डांडा का निर्माण कार्य किया जा रहा है, डब्लू.टी.पी. का सिविल कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में डब्लू.टी.पी. का फिनिशिंग कार्य, मीटर रूम और डेवलपमेन्ट के कार्य, मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल कार्य किये जा रहे हैं। डब्लू.टी.पी. के बाउन्ड्रीवाल का कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लू.टी.पी. के विद्युत यांत्रिकी, डेवलपमेन्ट, मीटररूम, बाउन्ड्रीवाल अवशेष कार्यों को पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0:**–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 10 नग सी0डब्लू0आर0 के सापेक्ष अभी तक 06 नग सी.डब्लू.आर. पर सिविल वर्क पूर्ण किया गया तथा 04 नग सी0डब्लू0आर0 पर कार्य प्रगति पर है। सी0डब्लू0आर0 की कुल प्रगति 80 प्रतिशत है। अवशेष कार्यों को समय से पूर्ण किये जाने हेतु 85 श्रमिक प्रतिदिन लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 70 मानवश्रम लगाया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सी0डब्लू0आर0 की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि निर्धारित मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार सभी सी0डब्लू0आर0 पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य कराते हुए कार्य में आपेक्षित तेजी लाये।

**अवर जलाशय:**–सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी एजेसी द्वारा 46 नग अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 12 अवर जलाशयों तिलसरस, भमरौली, चॉदीकला, पासून, उरदना, छिरका, बिगेहना, गुसियारी, कैथी, परोहरी, खदराडेरा, एवं सौखर के अवर जलाशयों में टॉप डोम पूर्ण हो चुका है, 10 नग अवर जलाशयों का स्टेजिंग एवं बॉटम डोम का कार्य प्रगति पर है। 08 नग अवर जलाशयों पर 50 प्रतिशत स्टेजिंग का कार्य पूर्ण, 07 नग पर प्लिंथ लेवल तक का कार्य पूर्ण, 02 नग पर प्लिंथ बीम सरिया शटरिंग का कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा वर्तमान में मात्र 21 नग अवर जलाशयों पर कार्य धीमी गति से किया जा रहा है तथा अवशेष अवर जलाशयों पर पर्याप्त मानवश्रम एवं टीमें उपलब्ध न होने के कारण कार्य बन्द पड़ा हुआ है। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण किये जाने के लिए 340 श्रमिक प्रतिदिन लगाये जाने के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्यदायी फर्म द्वारा मात्र 180 मानवश्रम लगाया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों की अत्यधिक धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा जनरल मैनेजर जे.डब्लू.आई.एल. को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए कार्ययोजना के अुनसार सभी अवशेष जलाशयों पर एक साथ तथा समांतर रूप से कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**राइजिंगमेन:**–सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.366 किमी0 के सापेक्ष 283.70 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त गैंग व मैनपावर लगाते हुए कार्य में अवशेष पाईप लाइन बिछाये जाने के कार्य पूर्ण करायें।

**वितरण प्रणाली:**– सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 838.17 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया गया है। निर्धारित अवधि में लक्ष्य पूर्ण करने के लिए कार्यदायी फर्म द्वारा 220 श्रमिक लगाकर 06 किमी0 वितरण प्रणाली पाइप बिछाये जाने के दैनिक लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 170 श्रमिक लगाकर प्रतिदिन मात्र 1.91 किमी0 पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा वितरण प्रणाली की अत्यन्त धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि आवश्यक गैंग व मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग व डिजाइन तथा गुणवत्ता मानको का पालन करते हुए निर्धारित दैनिक लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शन:**–अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष अभी तक मात्र 38311 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है तथा अभी 9629 कनेक्शन किया जाना अवशेष है। फर्म द्वारा 72 राजस्व ग्रामों में एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण तथा 21 राजस्व ग्रामों में प्रगति पर है। कार्यदायी फर्म द्वारा 250 श्रमिक प्रतिदिन लगाकर 802 कनेक्शन किये जाने के निर्धारित साप्ताहिक लक्ष्य के सापेक्ष 150 श्रमिक लगाकर मात्र 223 HTC प्रतिदिन का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त टीमों व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और



Scanned with OKEN Scanner

रात्रिकालीन शिफ्टों में कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप तथा कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित दैनिक लक्ष्य को प्राप्त करें।

**रोड रेस्टोरेशनः**–सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी एजेंसी द्वारा अभी तक मात्र 57 राजस्व ग्रामों पत्यौरा डांडा, बरूआ, भुरही, घटकना, किशनपुर, रिलौली, उपरी, भरसावन, देवकाली, सारस, मरागांव, धुगवान, खनदेही, बिगहना, चकदाहा, गदेरीया खेड़ा, मवईया, गेहबरा, भवानी, चमरखन्ना, रतवा, गुरहा, गहतौली, जलाला, इटारा, पचखुरा खुर्द, धुन्धपुर, महमूदपुर, दरियापुर, कन्जौली, रिगना, पत्यौरा डांडा, बरूआ, पारा, रायपुर, इसौली, भवनीया, बदनपुर, अतैरया, नरायनपुर, नजरपुर, टोलामॉफ, तिलसारस, बमरौली, खैरी, अछरैला का रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया एवं 22 राजस्व में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि रोड–रेस्टोरेशन कार्य में आपेक्षित प्रगति नही हुई है, पाइप लेइंग के पश्चात यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग तथा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जाय, जिससे जनसामान्य को आवागमन मे परेशानी न हो। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन कराकर फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

**हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पाइप पेयजल योजना**

सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुरारा विकास खण्ड के 24 ग्राम पंचायत के 39 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 एम0एल0डी0), 12 नग अवर जलाशय-तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0 का निर्माण किया जाना है।

**इन्टेकवेलः**– इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम हरौलीपुर के पास इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा अवगत कराया गया कि इंटेकवेल का सिविल कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, फिनिशिंग एवं पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है। 04 ग्रामों हरौलीपुर, उमराहट, कनकीकलां, एवं कनौटा में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानव श्रम लगाकर अवशेष कार्यों को अनुमोदित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**डब्लू0टी0पी0ः**–प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू0टी0पी0 8 एम0एल0डी0 का हरौलीपुर मे निर्माण किया जाना है, जिसका सिविल कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य किया जा रहा है तथा एडमिन बिल्डिंग में फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया गया कि डब्लू0टी0पी0 का अवशेष सिविल कार्य एवं विद्युत यांत्रिकी के कार्य पर्याप्त मानवश्रम लगाकर शत–प्रतिशत अनुमोदित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0ः**– सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 5 नग सी0डब्लू0आर0 के सापेक्ष सभी सी0डब्लू0आर0 का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा पेटिंग एवं फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। 02 सी0डब्लू0आर0 पर पम्प इन्स्टालेशन की कार्यवाही पूर्ण तथा शेष पर कार्य प्रगति पर है। योजना में कुल 06 मीटररूम का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी 06 नग मीटरूम का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया गया कि सी0डब्लू0आर0 पर आवश्यक मैनपावर लगाकर स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन के अनुसार अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें।

**अवर जलाशयः**–पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सतही स्त्रोत योजना के तहत 12 अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी 12 अवर जलाशयों का सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में पेटिंग तथा फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया कि अवर जलाशयों पर पर्याप्त मैनपावर व मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग व डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानको का पालन कराते हुए अवशेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराया जाय।

**राइजिंगमैनः**–प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित राईजिंगमेन 83.848 किमी0 पाइप बिछाने हेतु कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 82.78 किमी0 राइजिंगमेन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। सुपरविजन इंजीनियर,



Scanned with OKEN Scanner

पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्य को समय से पूरा किये जाने के लिए 60 श्रमिक प्रतिदिन लगाये जाने के लक्ष्यक के सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 30 श्रमिक लगाये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए अवशेष राइजिंगमेन पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली:**– प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना मे प्रस्तावित वितरण प्रणाली मे 184.372 किमी0 पाइप बिछाने हेतु कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष शत–प्रतिशत पाइप की आपूर्ति कर ली गयी है एवं 182.54 किमी0 पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। 29 राजस्व ग्रामों में वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 05 राजस्व ग्रामों में प्रगति पर है। सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा 0.166 किमी पाइप बिछाने के दैनिक लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 0.20 किमी0 पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन मात्र 0.20 किमी पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है, शीघ्र मैनपावर एवं गैंग बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप पाइप बिछाने की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शन:**–सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा योजना मे प्रस्तावित 9636 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष अभी तक मात्र 7691 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है। 32 राजस्व ग्रामों में एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण एवं 03 ग्रामों में प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी.एन.सी. प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और रात्रिकालीन शिफ्टों में परियोजना के कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराये।

**हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (नलकूप आधारित) के माध्यम से विकास खण्ड राठ, गोहाण्ड, सरीला एवं मुस्करा के 168 ग्रामों को लाभान्वित किये जाना है। हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 136 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर, 14.23 किमी0 बाउन्ड्रीवाल का निर्माण किया जाना है। उपरोक्त परियोजना का घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**नलकूप:**– प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित 123 नग नलकूप के सापेक्ष 121 नग नलकूपों मे लोवरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है व 77 कार्यस्थलों पर समर्सिबल इन्स्टालेशन का कार्य किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएनसी को निर्देशित किया गया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर सभी नलकूपों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें तथा विकसित किये गये नलकूपों में पम्प इंस्टॉलेशन की कार्यवाही करायें एवं सोलर पैनल की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए सोलर पैनल के अधिष्ठापन कार्य पूर्ण करायें।

**अवर जलाशय:**–प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 114 अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया गया था, जिसमें 47 नग अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण किया गया है। डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि वर्तमान में केवल 41 नग अवर जलाशय का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों के निर्माण की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अवर जलाशयों पर मैनपावर व मशीनरी बढ़ाकर लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप सभी जलाशयों पर एक साथ समान्तर रूप से गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें तथा उपरोक्त अवर जलाशयों की प्रगति मे तेजी लायें।

**वितरण प्रणाली:**–सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 975.28 किमी0 के सापेक्ष अभी तक 952.59 किमी0 पाईप बिछाने का कार्य पूर्ण हुआ है। कार्यदायी एजेंसी द्वारा इस सप्ताह 33.38 किमी0 पाईप बिछाने का कार्य किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि वितरण प्रणाली पाइप बिछाने का कार्य स्वीकृत ड्राइंग डिजाईन एवं मानक व गुणवत्ता के अनुरूप समयान्तर्गत पूर्ण करायें।



Scanned with OKEN Scanner

(108)

**FHTC कनेक्शनः**— सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था को 53504 FHTC कनेक्शन के निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके सापेक्ष अभी तक 51746 FHTC कनेक्शन के लिए HTC का कार्य किया गया है, 136 राजस्व ग्रामों में FHTC कनेक्शन हेतु MDPE पाइप का कार्य पूर्ण हो गया है तथा वर्तमान में 25 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी को परियोजना के कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**रोड रेस्टोरेशनः**—सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी एजेंसी द्वारा अभी तक मात्र 52 राजस्व ग्रामों का रोड रेस्टोरेशन किया जा चुका है एवं 33 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड रेस्टोरेशन कार्य की अत्यन्त धीमी प्रगति पर खेद प्रकट किया गया कि कुल 175 राजस्व ग्रामों में एच.टी.सी. कार्य पूर्ण किया गया है, जिसके सापेक्ष अभी तक मात्र 52 राजस्व ग्रामों में ही रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है, जो कार्यदायी एजेंसी की कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है, जबकि रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है। कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में पाइप बिछाने एवं हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, पर्याप्त टीमें लगाकर तत्काल रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अनापत्ति प्रमाण पत्रः**— सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि एन.एच.ए.आई. से प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक—22.07.2022 को जारी हो गया है। यूपीडा पी.आई.यू.—3 राठ से अनापत्ति महाप्रबंधक यूपीडा, लखनऊ द्वारा प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है तथा बैंक गारन्टी 1981122 रू0— एवं लाइसेंस फीस 291083 रू0— जमा कर दिया गया है। यूपीडा, बांदा से अनापत्ति हेतु पत्र यूपीडा के द्वारा दिनांक—17.01.2023 को जारी कर दिया गया है। वन क्षेत्र हमीरपुर तथा वन क्षेत्र महोबा से अनापत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक धनराशि एडॉक कैम्पा, नई दिल्ली के खाते में जमा कर दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा तथा सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर अनापत्ति शीघ्र प्राप्त करने हेतु प्रभावी पैरवी कराना सुनिश्चित करें।

**विद्युत संयोजनः**—अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0, जल निगम ग्रमीण, चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (भूजल) के अन्तर्गत कुल 68 नग विद्युत संयोजन के सापेक्ष 52 विद्युत संयोजन तथा पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत सभी 10 विद्युत संयोजनों का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है, जिन्हें विद्युत सुरक्षा निदेशालय की लिखित अनुमति प्राप्त होने के पश्चात ऊर्जीकृत किया जाना है। जे0डब्लू0आई0एल0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय से सभी 10 नग विद्युत संयोजनों हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा चुका है। हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना सतही स्त्रोत के अन्तर्गत 06 नग विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष सभी पर विद्युत पोल अधिष्ठापन तथा विद्युत तार लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, विद्युत सुरक्षा निदेशालय से इन्टेकवेल तथा डब्लू0टी0पी0 हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र 13.02.2023 को प्राप्त हो गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0 तथा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि किये गये सभी विद्युत कनेक्शन को उर्जीकृत किये जाने हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्राप्त कर अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0, जल निगम ग्रामीण, चित्रकूट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**आई0एस0ए0ः**—सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि माह जनवरी, 2022 में आई0एस0ए0 चेतना, चित्रकूट द्वारा 21 ग्राम पंचायतों में 06 महिला बैठक, 01 पुरूष बैठक, 06 हैण्डवाश कार्यक्रम, 06 प्रभात फेरी 08 वी0डब्लू0एस0सी0 बैठक तथा 05 महिला पुरष बैठक की गयी। मे0 चित्रकूट सेवा आश्रम द्वारा 32 ग्राम पंचायतों में 06 महिला बैठक, 02 पुरूष बैठक, हैंडवॉश एवं प्रभातफेरी के 17 कार्यक्रम, 02 वी0डब्लू0एस0सी0 बैठक तथा 11 महिला पुरष बैठक का आयोजन किया गया। सोशल एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट एण्ड एडवांसमेन्ट द्वारा कुल 18 ग्राम पंचायतों में 30 महिला बैठक 02 पुरूष बैठक, हैण्डवॉश एवं प्रभातफेरी के 05 कार्यक्रम तथा 07 वी0डब्लू0एस0सी0 बैठक तथा 31 महिला पुरष बैठक का आयोजन किया गया। आई0एस0ए0 जीवन ज्योति शिक्षण एवं जन कल्याण समिति द्वारा कुल 48 ग्राम पंचायतों में 14 महिला बैठक, 02 पुरूष बैठक, हैण्डवॉश एवं प्रभातफेरी के 12 कार्यक्रम तथा 18 वी0डब्लू0एस0सी0 बैठक तथा 4 महिला पुरष बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया कि आई0एस0ए0 द्वारा पुरूष बैठकों की संख्या बहुत कम



Scanned with OKEN Scanner

है, जिसे बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे अधिक से अधिक लोगों को जल संचयन तथा जल के सदोपयोग हेतु जागरूक तथा प्रचार–प्रसार किया जा सके।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी बढ़ाकर समय से प्रस्तावित कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें, जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो तथा सभी नल संयोजन घरों के अन्दर कराया जाय। प्रयास किया जाय कि जिस गॉव में कार्य प्रारम्भ किया जाय, उस गॉव में शत–प्रतिशत कनेक्शन देते हुए हर घर जल करने के उपरान्त ही टीम उस गॉव को छोड़ें तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड़/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पूर्व की स्थिति के अनुसार सम्पन्न हो गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड रोड–रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, महोबा टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त की गयी।

Seem
22/02/23

(राजेश कुमार यादव)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या–984/न0गंगे–पेय0परि0-स0बै0(2022–23) दिनांक 22 फरवरी, 2023

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई–मेल)
3. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
4. मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर।
5. जिला विकास अधिकारी, हमीरपुर।
6. अधीक्षण अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ।(ई–मेल द्वारा)
7. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्ता मानकों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। (ई–मेल द्वारा)
8. अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
9. टीम लीडर पी0एम0सी0(आर0वी0 एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी0पी0आई0(सेन्सिस टेक लि0) हमीरपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्ता मानकों को लागू कराना सुनिश्चित करें।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
11. जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. स्टेट हेड, पी0एन0सी0/जे0डब्लू0आई0एल0। (ई–मेल द्वारा)

22/2/2023
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner